भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 447
जिसका उत्तर मंगलवार 26 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है

पीएसयू के माध्यम से कौशल विकास

447. श्री रवीन्द्र कुमार जेना:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के पास उपलब्ध सुविधाओं को कौशल विकास हेतु उपयोग करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क): जी, नहीं।

(ख): भारी उद्योग विभाग के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम डिप्लोमा/ग्रेजुएट प्रशिक्षुओं, व्यावसायिक प्रशिक्षुओं, गैर-सांविधिक प्रशिक्षुओं को शामिल करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षण प्रदान करने और कौशल विकास कार्यक्रमों के आयोजन में रत हैं। इसमें स्थानीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पॉलिटेक्निक्स और अन्य बाहय संकाय के साथ वहनीय आधार पर कर्मचारियों और संविदा श्रमिकों को ऑन-जॉब प्रशिक्षण दिया जाना शामिल है।

******